श्री रामफार्म सोल्यूशन्स ने लॉन्च किए आधुनिक तकनीक से युक्त एग्री-इनपुट

नई दिल्ली। भारत के अग्रणी कारोबार सदन डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की एक युनिट श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने आज विशिष्ट पोषण एवं फसल सुरक्षा (स्पेशलटी न्यूट्रिशन एवं क्रॉप प्रोटेक्शन) में नए एग्री-इनपुट्स का लॉन्च किया। श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने किसानों को उनकी उत्पादकता बढ़ाने में मदद करने के लिए ये आधुनिक अनुसंधान -उन्मुख उत्पाद पेश किए हैं। स्पेशलटी न्यूट्रिशन में लॉन्च किए गए दो आधुनिक उत्पाद हैं- श्रीराम जेन-ज़ैड एवं श्रीराम ज़िन ड्रिप। ज़ेन-ज़ैड आधुनिक पीढ़ी का बायो स्टिमुलेन्ट है। ज़ेन-ज़ैड में आने वाले विभिन्न मेटाबोलाइट सुनिश्चित करते हैं कि पौधा जैविक एवं अजैविक तनाव को सहन कर सके तथा अपनी आनुवंशिक क्षमता के अनुरूप उत्कृष्ट परफोर्मेन्स दे सके।